प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो अगस्त को प्रस्तावित वाराणसी दौरे को लेकर तैयारियां तेज : सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के किये जा रहे पुख्ता इंतजाम।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक को किया संबोधित : कहा– ट्रिपिंग, ओवर बिलिंग और अनावश्यक कटौती स्वीकार नहीं।
3. केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने ग्रेटर नोएडा में छात्र संसद कान्क्लेव को किया संबोधित : कहा– युवा पीढ़ी पर है विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी।
4. स्वच्छता स्र्वेक्षण में देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त होने पर नगर निगम लखनऊ ने आज निकाली विशेष तिरंगा यात्रा : महापौर सुषमा खर्कवाल ने जताया जनता का आभार। और
5. राजधानी लखनऊ समेत कई जनपदों में बारिश ने गर्मी और उमस से दिलाई राहत : मौसम विभाग के अनुसार 29 जुलाई तक जारी रहेगा बारिश का सिलसिला।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी दो अगस्त को प्रस्तावित वाराणसी दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस दौरान श्री मोदी सेवापुरी विधानसभा के

कालिकाधाम बनौली में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए जनसभा स्थल पर युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निगरानी कर रहे हैं। जिला प्रशासन के आला अफसर खुद जनसभा स्थल पर पहुंच कर तैयारियों को परखने के साथ प्रस्तावित मार्गों ,सुरक्षा व्यवस्था, रुट डायवर्जन, वैकल्पिक मार्ग को लेकर भी सतर्क है। पूरे क्षेत्र का ड्रोन के माध्यम से सर्विलांस की तैयारी है। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल और जिलाधिकारी वाराणसी सत्येन्द्र कुमार ने जनसभा स्थल का निरीक्षण कर चुके हैं। पुलिस कमिश्नर और जिलाधिकारी ने तैयारियों को  तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

————————

निवार्चन आयोग ने कानून और न्याय मंत्री के परामर्श से राज्यसभा के महासचिव को उपराष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। आयोग ने राज्यसभा सचिवालय के संयुक्त सचिव और निदेशक को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिये सहायक चुनाव अधिकारी बनाया है। संविधान की धारा 324 के तहत निर्वाचन आयोग को भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव कराने का अधिदेश प्राप्त है। उपराष्ट्रपति चुनाव राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति निर्वाचन विनियम, 1974 से संचालित होता है। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति निर्वाचन अधिनियम 1952, की धारा 3 के तहत निर्वाचन आयोग केंद्र सरकार के परामर्श से चुनाव अधिकारी की नियुक्ति करता है।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में ऊर्जा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि ट्रिपिंग, ओवर बिलिंग और अनावश्यक कटौती अब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहाँ जरूरत हो, वहां ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता तुरंत बढ़ाई जाए ताकि ओवर लोडिंग की स्थिति न बने। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि फील्ड से प्राप्त वास्तविक शिकायतों का समाधान समयबद्ध ढंग से हो, ताकि जनता को राहत मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर उपभोक्ता को हर महीने सही समय पर स्पष्ट और सटीक बिल मिलना चाहिए। कृषि क्षेत्र को लेकर मुख्यमंत्री ने कृषि फीडरों के तेजी से पृथक्करण और किसानों को प्रधानमंत्री कुसुम योजना से जोड़ने के निर्देश दिए।

——————————

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान आज ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित एक संस्थान में आयोजित नौवे छात्र संसद कान्क्लेव मं बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कान्क्लेव का विषय इंडिया राइजिंग था। इस अवसर पर श्री पासवान ने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम और कभी हिम्मत न हारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानंमत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी युवा पीढ़ी के ऊपर है। बाइट....

*देश को आप सबसे बहुत उम्मीदें हैं। आप अमृतकाल की वो युवा पीढ़ी है जिनके कंधों के ऊपर आने वाले सालों में जिम्मेदारी होगी हमारे देश को विकसित देश बनाने की। जब मेरे प्रधानमंत्री कहते हैं कि दो हज़ार सैंतालीस तक भारत एक विकसित देश बनेगा। भारत को विकसित देश बनाने की जिम्मेदारी आप पीढ़ी के ऊपर है।*

———————————

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 25 में लखनऊ को देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त होने पर नगर निगम लखनऊ ने आज एक विशेष तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा का नेतृत्व महापौर सुषमा खर्कवाल ने किया। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लखनऊ की जनता को स्वच्छता अभियान में उनके योगदान के लिए आभार प्रकट करना था। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से लखनऊ की जनता और सफाई कर्मचारियों को धन्यवाद दिया गया। बाइट...

*आज हमने लखनऊ में धन्यवाद लखनऊ यात्रा निकाली है जो लखनऊ को देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है वो लखनऊ नगर निगम के सफाई कर्मचारी लखनऊ की जनता के सहयोग से आज हम स्वच्छता रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आए हैं। इसलिए आज हमने लखनऊ की जनता का और सफाई कर्मचारियों का धन्यवाद रैली निकाली है।*

———————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम– एलिम्को ने कानपुर नगर में आज आसरा मीट 2025– 26 का आयोजन किया। कार्यक्रम में एलिम्को द्वारा अधिकृत विभिन्न राज्यों से 56 आसरा केन्द्रों के प्रतिभागी सम्मिलित हुए। एलिम्को कानपुर के महाप्रबंधक वित्त एवं प्रशासन, अतुल रस्तोगी, ने बताया कि आयोजन के दौरान आसरा केंद्र के प्रतिनिधियां को सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। बाइट..

*हम लोगों का एक नया एक वर्टिकल सेंटर है जो आशा के नाम से जाना जाता है। ये हमारे सर्विसिंग पार्टनर हैं जो आशा के सेंटर्स हैं। इनको हम लोगों ने बुलाया है ताकि उनको कंपनी के बारे में ज्यादा से ज्यादा मालूमात दे सकें और उसके साथसाथ जो हमारे अल्टीमेट बेनिफिशियरी है, जो दिव्यांगजन हैं उनको सेवा हम लोग और तत्पर तरीके से कर सकें।*

——————————

प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के राज्य मंत्री एवं शाहजहांपुर जनपद के प्रभारी मंत्री  नरेंद्र कश्यप ने आज हथोड़ा में परमवीर चक्र विजेता नायक जदूनाथ सिंह स्पोट्र्स स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। स्टेडियम के नवीन

निर्माण व जीर्णोद्धार कार्यों पर लगभग 26 करोड़ 32 लाख रुपए की लागत आएगी। इस अवसर पर श्री कश्यप ने कहा कि खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधा देने के लिए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

———————————

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज अयोध्या में कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर भूतपूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री शाही ने कहा कि आज पूरी दुनिया में सामरिक दृष्टि से भारत मजबूत हुआ है और उसमें कारगिल युद्ध का विशेष महत्व है। बाइट....

*कारगिल एक ऐसा कठिन और जटिल युद्ध था जो बीहड़ और बड़ी ऊंचाइयों के ऊपर लड़ा गया था। लेकिन हमारे सैनिकों ने इस शौर्य, बहादुरी और पराक्रम का परिचय दिया और बहुत टर्निंग पॉइंट था जिसमें भारत सामरिक दृष्टि से अपने को काफी परिमार्जित करके और आज सक्षम बना है और दुनिया की सामरिक शक्ति के रूप में एक ताकत के रूप में उभरा है।*

———————————

सरकार ने अश्लील आर अशालीन सामग्री दिखाने वाले 25 ओटीटी वेबसाइट और एप्स को बंद करने का निर्देश दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि इन प्लेटफॉर्म से दिखाई जा रही कुछ सामग्री गंभीर रूप से अश्लील और अनुचित है। गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि

किशन ने कहा है कि हमारी संस्कृति को संरक्षित करन के लिए सरकार का यह निर्णय आवश्यक था। बाइट....

*ये सरकार का निर्णय संस्कृति को लेकर भारत को लेकर जरूरी था। जहां पर ऐसे ओटीटी जो लाइसेंस है, अनलाइसेंस है और वो सॉफ्ट पन बना रहे हैं या गलत फिल्में बना रहे हैं या गलत फिल्मों को प्रदर्शित कर रहे हैं। उस पर ये सरकार ने निर्णय लिया है और ये पूरे देश की जनता का एक संदेशा था तो निर्णय स्वागत योग्य है।*

———————

वरिष्ठ व्यंग्यकार और लेखक गोपाल चतुर्वेदी का आज लखनऊ में अंतिम संस्कार किया गया। कल रात उनका निधन हो गया था। भारतीय रेलवे में वरिष्ठ अधिकारी के पद से रिटायर होकर श्री चतुर्वेदी उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के अध्यक्ष भी रहे, उनके निधन से साहित्य समाज में गहरा शोक है। गत शनिवार को उनकी पत्नी निशा चतुर्वेदी का भी निधन हो गया था।

———————

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जनपदों में आज बारिश के चलते लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने आज से लेकर 29 जुलाई तक के लिए गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कुछ जगहों पर भारी वर्षा के साथ बिजली गिरने की भी आशंका है।

(समाप्त)